## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 07 जुलाई को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर संजय बोरा कोठारी वास पर 2000, बालाजी रेस्टोरेंट न्यू रोड पर 1000, गुलजार, अमीर खान बंजारा बस्ती, प्रवीण मेहता कोठारीवास राकेश सावड़े व अरुण शर्मा गौशाला रोड पर 500-500 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण 30/7/21

## 31 जुलाई तक कर जमा किया तो नहीं लगेगा दंड

रतलाम. नगरीय निकाय से जुड़े जलकर सहित अन्य कर अप्रैल से जून का जिन्होंने अब तक भुगतान नहीं किया है, वे अगर 31 जुलाई तक इसको भरेंगे तो उन पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी कर दिए हैं। कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के दौरान अप्रैल और मई में कोरोना कर्फ्यू व विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए थे। इसके कारण नागरिकों को नगरीय निकाय के विभिन्न करों एवं उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान समय पर करने में कठिनाई हुई व इसके चलते इन करों एवं उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार (सरचार्ज) आदि देय हो गए हैं।

पत्रिका 30/7/21

# अन्न उत्सव के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री समस्त उचित मूल्य दुकानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे

रतलाम। 7 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के परिपेक्ष्य में आयोजित अन्न उत्सव में प्रदेश की समस्त उचित मूल्य दुकानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। उपभोक्ताओं को अन्न उत्सव में दिया जाने वाले खाद्यान्न को झोले में वितरित किया जायेगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिये है कि सभी सहकारी समितियों, भंडारों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों को नियमित रूप से खोला जाये तथा वितरित की जाने वाली सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जाये, हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं हेतु दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाए। प्रत्येक दुकान की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का कार्य तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने का कार्य करें। उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली सहकारी संस्था का नाम, दुकान का नाम, सामग्री वितरित किए जाने वाले ग्रामों के नाम आदि आवश्यक जानकारी बोर्ड पर अंकित कर प्रदर्शित की जावें, संस्था द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विवरण एवं उसके अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं का विवरण दुकान के भवन पर स्थाई पेंट से लिखवाया जाकर प्रदर्शित किया जावे।

उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेनो को निर्देशित किया गया है कि दुकान पर योजना के बैनर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के चित्र भी प्रदर्शित किये जाये। इस कार्यक्रम का टीवी पर भी प्रसारण होगा। इसके लिए सभी कार्यक्रम स्थलों पर टीवी सेट रखकर प्रसारण की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लिंक पृथक से भेजी जायेगी। इस कार्यक्रम हेतु समय पर पर्याप्त उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधि भी दुकान पर उपस्थित रहें। यह संख्या कम से कम 50 से 100 तक रहे, प्रत्येक दुकान पर एक शासकीय नोडल अधिकारी होगा।

प्रसारण 30/7/21

# अन्न उत्सव आयोजन 7 अगस्त को, कंट्रोल रूम स्थापित

रतलाम। जिले में 7 अगस्त को अन्न उत्सव आयोजन होगा। इसके लिए जिला खाद्य कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07412 270414 है। कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश कुमार पांडेय रहेंगे।

२१५

२१५ (एक्सप्रेस) 30/7/21

85 लाख रुपए की लागत का 500 ली/प्रति मिनट क्षमता वाला प्लांट लग रहा

# कोरोना की तीसरी लहर: प्राणवायु की नहीं होगी कमी, होने लगी तैयारी

पत्रिका

एक्सक्लूसिव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कोरोना की तीसरी लहर को लेकर लगातार चेतावनी जारी है। एम्स से लेकर अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा ऐजेंसिया इसके लिए चेता रही है। पहली व दुसरी लहर के दौरान प्राणवायु की कमी के बड़े मामले सामने आए। इससे सबक लेकर अब जिले के रेलवे अस्पताल में 500 लीटर की क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट बनाने की तैयारी तेजी से चल रही है। इसकी लागत 85 लाख रुपए होगी।

बता दे की मार्च 2020 में कोरोना को लेकर सतर्क होने की चेतावनी दी गई। के बाद कोरोना का सबसे पहला मरीज शहर में अप्रेल 2020 में मिला। इसके बाद लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि होती गई। बीच में अनलॉक हुआ तो इसके बाद फिर से शहर खुला व सतर्कता के अभाव में कोरोना की दूसरी लहर आई। दूसरी लहर काफी घातक साबित हुई। इसमे सबसे बड़ा संकट सामने आया वो अस्पताल में बेड की कमी के साथ साथ कुछ था तो ऑक्सीजन याने की प्राणवायु की कमी का। इसके बाद ही ऑक्सीजन प्लांट के महत्व को समझा गया।

## यह हो रही तैयारी

कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए अब रेलवे अस्पताल में तेजी से तैयारी चल रही है। यहां पर 85 लाख रुपए की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी चल रही है। इसके पहले 12 जून को इसी अस्पताल में 150 लीटर प्रति मिनट वाला प्लांट चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने लगवाया है। 150 लीटर वाले प्लांट को 20 बेड के साथ कनेक्ट किया गया है। अब जो 500 लीटर क्षमता का प्लांट लगाया जा रहा है उसको 105 बेड के साथ कनेक्ट किया जाएगा। इससे लाभ यह होगा की इस अस्पताल का हर बेड ऑक्सीजन से कनेक्ट हो जाएगा।

## जारी है अलग से तैयारी

जिले की बात करें तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्राथमिक स्तर पर काम करने वाले स्वास्थ्य केंद्र में भी दवाएं, जांच हो सके इसकी तैयारी की है। अब तक गांव के मरीज शहर में जांच के लिए आते थे, कोरोना की तीसरी लहर में उनको जांच की सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही मिल जाया करेगी।

### जिले में यहां है प्लांट

| | | |
|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेज में 965 एलपीएम का | जिला चिकित्सालय में 500 एलपीएम | सिविल हॉस्पिटल जावरा में 360 एलपीएम |

## हम अलर्ट है

कोरोना की पहली व दूसरी लहर के दौरान रेलवे अस्पताल में मरीजों की बेहतर सेवा की गई। तीसरी लहर की चेतावनी के बीच हम सतर्क है। इसलिए 500 लीटर क्षमता का प्लांट तैयार कर रहे है।

- विनीत गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक

पत्रिका 30/7/21

शासकीय भूमि पर ही विकसित होगा रतलाम का नया औद्योगिक निवेश क्षेत्र

# प्रमुख सचिव शुक्ला ने विधायक काश्यप के साथ रतलाम में विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया

प्रभात्मा न्यूज़ * रतलाम

प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला ने गुरुवार को विधायक चेतन्य काश्यप के साथ रतलाम में बनने वाले विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। यह निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप के अनुसार निवेश क्षेत्र के लिए कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहित नहीं की जाएगी।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना वर्ष 2014 में तैयार की गई थी, तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुम्बई के बीच बन रहे 8 लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। इसीलिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने 4 फरवरी को रतलाम प्रवास के दौरान इस प्रदेश के दूसरे बड़े निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। उनकी घोषणानुसार इसे चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा। विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लॉजिस्टीक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा।



प्रमुख सचिव श्री शुक्ला व विधायक श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, औद्योगिकी विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक आर.के. भंवर के साथ रतलाम के ग्राम बिबड़ोद इत्यादि में पहुंचकर निवेश क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक श्री सक्सेना को निर्देश दिए कि नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जाए और निवेश करने इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना भी बनाए। श्री शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक है।

## नमकीन क्लस्टर का जायजा लिया

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने रतलाम में विशेष निवेश क्षेत्र का जायजा लेने के बाद ग्राम करमदी में नमकीन क्लस्टर की इकाइयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां स्थानीय उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा की।

प्रभात्मा/ 30/7/21

# औद्योगिक निवेश क्षेत्र में नहीं लेंगे निजी भूमि

## निरीक्षण ● बिबड़ौद के समीप छह गांवों के आसपास 1600 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बिबड़ौद के समीप छह गांवों के आसपास करीब 1600 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र के लिए लगातार तैयारी चल रही है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को आवंटित कर दी गई है। गुरुवार को विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी के साथ निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। यह निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा।

प्रमुख सचिव ने करमदी, बिबड़ौद इत्यादि ग्रामों में निवेश क्षेत्र का जायजा लेकर स्थानीय उद्योगपतियों से चर्चा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि निवेश क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति की निजी भूमि नहीं ली जाएगी। यदि व्यक्ति स्वयं आकर अपनी भू मि देने का आफर करे तो उस पर विचार कि- जाएगा। कलेक्टर ने भी स्पष्ट किया कि निवेश क्षेत्र में योजना का क्रियान्वयन पूर्णत: शासकीय भूमि पर ही होगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकना और स्थानीय व्यक्तियों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराना है।

### देश भर में करें प्रचार-प्रसार

प्रमुख सचिव ने औद्योगिक विकास



प्रस्तावित नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का नक्शा देखते हुए प्रमुख सचिव संजय शुक्ला, विधायक चैतन्य काश्यप। नईदुनिया

विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना वर्ष 2014 में तैयार की गई थी, तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फ्रेट कारिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुंबई के बीच बन रहे आठ लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता

निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना को निर्देश दिए कि नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जाए। इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना

### वर्ष 2014 में बनी थी योजना

और बढ़ गई है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने चार फरवरी को रतलाम प्रवास के दौरान इस प्रदेश के दूसरे बड़े निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को

भी बनाएं। प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक हैं। प्रमुख सचिव ने करमदी नमकीन क्लस्टर के व्यवसायियों से चर्चा कर इकाइयों का निरीक्षण किया। जावरा

आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लाजिस्टीक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा। यह निवेश क्षेत्र शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा।

में शुगर मिल परिसर की कार्य योजना देखी। शुगर मिल परिसर में बहुउत्पाद औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना है। इस दौरान एकेवीएन मुख्य महाप्रबंधक आरके भंवर भी मौजूद थे।

नईदुनिया

नईदुनिया 30/7/21

# आगामी 15 अगस्त तक शहर के 5 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर को बगैर ब्याज ऋण राशि मिलेगी

प्रतापत्य न्यूज़ • रतलाम

बैंकों की जिला स्तरीय समन्वय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बुधवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शासन द्वारा शासन प्रायोजित योजनाओं में बैंकों द्वारा प्रकरणों में दी गई स्वीकृति तथा वितरण की समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री सेठिया, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना की समीक्षा में बताया गया कि बड़ी संख्या में बैंकों में हितग्राही प्रकरण स्वीकृति के लगाए गए हैं। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में रतलाम शहर के 5000 स्ट्रीट वेंडर्स को आगामी 15 अगस्त तक प्रकरण स्वीकृत कर राशि वितरित कर दी जाए। निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा स्ट्रीट वेंडर योजना में 5500 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना में मिलने वाली 10 हजार रुपए की राशि स्ट्रीट वेंडर के लिए प्राण वायु का कार्य कर रही है। इससे छोटे-मोटे धंधा करने वाले व्यक्तियों को अपने रोजगार को उन्नत करने में बड़ी मदद मिल रही है। शासन प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स अनावश्यक रूप से प्रकरणों को लौटाए नहीं, वे जो भी डॉक्यूमेंट मांगते हैं उनको शासकीय विभागों द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

आजीविका मिशन के तहत जिले की एसबीआई पिपलोदा ब्रांच द्वारा प्रकरण स्वीकृत नहीं किए जाने की स्थिति पर एसबीआई के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जावरा ब्रांच में प्रकरण स्वीकृत किए जाएंगे वहां पर स्टॉफ ज्यादा है।

प्रसारण

प्रसारण 30/7/21

# जल जीवन मिशन : तीतरी के 300 से ज्यादा घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा

**प्रसारण न्यूज़ * रतलाम**

शासन का जल जीवन मिशन रतलाम जिले के ग्रामीणजनों के जीवन में खुशहाली लाते हुए उनकी पेयजल समस्या का निदान कर रहा है। मिशन द्वारा प्रत्येक घर में नल द्वारा जल पहुंचाए जाने का लक्ष्य है। रतलाम मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम तीतरी भी जल जीवन मिशन का लाभ उठा रहा है। तीतरी के ग्रामीणों की जनसमस्या का भी निदान हुआ है जल जीवन मिशन के माध्यम से। तीतरी के लगभग 300 से ज्यादा घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा जा कर पानी पहुंचाया गया है।

जिला सलाहकार पीएचई आनंद व्यास ने बताया कि ग्राम तीतरी में 40 लाख रुपए की लागत से नल जल योजना का क्रियान्वयन जल जीवन मिशन के तहत किया गया है। इस गांव में पूर्व से योजना संचालित थी परंतु पूरे गांव की जलापूर्ति नहीं संभव हो पा रही थी। करीब 100 घरों में ही नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंच रहा था। 20 साल पहले बनी योजना



के बाद निरंतर गांव का विकास हुआ, घरों की संख्या बढ़ी, नए मोहल्लें के निर्माण हुए। इसके चलते गांव में पानी की समस्या निर्मित होने लगी। लोगों को हैंडपंपों तथा दूर अपने खेतों से भी ड्रम और अन्य माध्यम से पानी भर के लाना पड़ता था। कई ग्रामीण तो दो-तीन किलोमीटर दूर पाइप लाइन डालकर अपने खेत से पानी घर पर पानी ला रहे थे।

गांव की जल समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत के प्रधान श्री समरथ पटेल द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से रिट्रोफिटिंग योजना का प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया गया। योजना, विभाग द्वारा मंजूर की जाकर पूरे गांव में नई पाइप लाइन डाली गई। 300 से भी ज्यादा घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा गया। अब ग्रामीण खुश है, शासन को धन्यवाद दे रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। गांव में नल जल योजना का संचालन, संधारण गांव की पेयजल तथा स्वच्छता तदर्थ समिति द्वारा ही किया जा रहा है [illegible]स गांव में भूजल संरक्षण के लिए चेक डेम, तालाब का नि[illegible] भी ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है।

प्रसारण 30/7/21

पत्रिका

शासकीय भूमि पर ही विकसित होगा रतलाम का नया औद्योगिक निवेश क्षेत्र

# रतलाम में विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रमुख सचिव और विधायक काश्यप

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने गुरुवार को रतलाम पहुंचे। यहां पर उनके द्वारा विधायक चेतन्य काश्यप के साथ रतलाम में बनने वाले विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। यह निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा।

विधायक काश्यप के अनुसार निवेश क्षेत्र के लिए कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहित नहीं की जाएगी। रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना वर्ष 2014 में तैयार की गई थी, तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुम्बई के बीच बन रहे 8 लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता और बढ़ गई है। इसीलिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 4 फरवरी को रतलाम प्रवास के दौरान इसे प्रदेश के दूसरे बड़े निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। उनकी घोषणानुसार इसे चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा।



## कई लोग इच्छुक है

औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक सक्सेना को निर्देश दिए कि नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जाए और निवेश करने इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना भी बनाए। शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक है। यहां के बाद सभी ने ग्राम करमदी में नमकीन क्लस्टर की इकाइयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां स्थानीय उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा की।

## कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे

विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लॉजिस्टीक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा। प्रमुख सचिव शुक्ला व विधायक काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, औद्योगिकी विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक आर.के. भंवर के साथ रतलाम के ग्राम बिबड़ोद इत्यादि में पहुंचकर निवेश क्षेत्र का जायजा लिया।

पत्रिका 30/7/21

# फेरी वालों को लोन देने में देरी ना करें

रतलाम, नप्र। रतलाम शहर के पांच हजार फेरी वाले को दस हजार का कर्ज 15 अगस्त तक जरूरी रूप से दे दिया जाए। यह कर्ज बगैर ब्याज के मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में दिया जाना है। ये निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैंकों की जिला स्तरीय समन्वय सलाहकार समिति की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना में मिलने वाली 10 हजार की राशि स्ट्रीट वेंडर के लिए प्राण वायु का काम कर रही है। छोटा-मोटा धंधा करने वाले लोगों को इससे रोजगार को चलाने में काफी मदद मिल रही है। कलेक्टर ने शासन प्रायोजित योजनाओं में बैंकों की ओर से प्रकरणों में दी गई मंजूरी तथा वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि

**देखीं तैयारियां** • प्रमुख सचिव ने रतलाम में विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया

# कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहीत नहीं की जाएगी

## सरकारी भूमि पर ही बनेगा नया औद्योगिक निवेश क्षेत्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम



विशेष निवेश क्षेत्र का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव, विधायक व अन्य।

प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने गुरुवार को विधायक चेतन्य काश्यप के साथ रतलाम में बनने वाले विशेष औद्योगिक निवेश क्षेत्र का निरीक्षण किया। निवेश क्षेत्र 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ही विकसित किया जाएगा। विधायक काश्यप के अनुसार निवेश क्षेत्र के लिए कोई भी निजी कृषि भूमि अधिगृहीत नहीं की जाएगी।

विधायक काश्यप ने बताया रतलाम निवेश क्षेत्र की योजना 2014 में तैयार की थी। तब यह दिल्ली-मुम्बई रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से संबद्ध थी। वर्तमान में दिल्ली-मुम्बई के बीच बन रहे 8 लेन एक्सप्रेस वे से इसकी प्रासंगिकता बढ़ गई है। सीएम शिवराजसिंह चौहान ने 4 फरवरी को रतलाम प्रवास के दौरान प्रदेश के दूसरे बड़े इस निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की थी। घोषणानुसार इसे चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा। विशेष निवेश क्षेत्र के लिए 1542 हेक्टेयर शासकीय भूमि उद्योग विभाग को आवंटित की जा चुकी है। इस निवेश क्षेत्र से लॉजिस्टिक, औद्योगिक, व्यावसायिक, आवासीय, शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का विकास होगा। प्रमुख सचिव शुक्ला व विधायक काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, औद्योगिकी विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक आरके भंवर के साथ रतलाम के ग्राम बिबड़ोद इत्यादि में पहुंचकर निवेश क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक सक्सेना को निर्देश दिए नए औद्योगिक निवेश क्षेत्र का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जाए और निवेश करने इच्छुक उद्योगपतियों को समूह बनाकर रतलाम में लाने की योजना बनाए। प्रमुख सचिव ने कहा कि मप्र में औद्योगिक निवेश के लिए देश के कई बड़े उद्योगपति इच्छुक है।

**नमकीन क्लस्टर का जायजा लिया :** प्रमुख सचिव ने रतलाम में विशेष निवेश क्षेत्र का जायजा लेने के बाद ग्राम करमदी में नमकीन क्लस्टर की इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां स्थानीय उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा की।

दै. भास्कर 30/7/21

# सीवरेज पाईप लाइन के लिए खोदी रोड से नागरिक हो रहे थे परेशान, आयुक्त ने निरीक्षण मरम्मत करवाई



रतलाम। सीवरेज कार्य से शहर के कई क्षेत्रों के रहवासी परेशान हैं। खासकर अब बारिश के समय में ज्यादा परेशानी हो रही हैं। गत दिवस ऐसी ही शिकायत पर निगमायुक्त निरीक्षण करने पहुंचे और निर्देश दिए।

अहिंसा ग्राम रोड स्थित मंगलम सिटी मैन रोड कॉलोनी में 600 मीटर लंबी खोदी गई सीवरेज पाइप लाइन से कॉलोनीवासी परेशान हो रहे थे। यहां कॉलोनीवासियों को आवागमन में वर्षा के बाद परेशानी एवं समस्या उत्पन्न हो गई थी। शिकायत के बाद नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने संयुक्त निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के बाद ठेकेदार को शीघ्र मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया। जिससे रोड कॉलोनीवासियों के सुचारू आवागमन के लिए के लिए उपलब्ध हो सका। इस अवसर पर कॉलोनीवासी एवं समिति पदाधिकारी प्रकाशचंद्र व्यास, हंसराज अवडा (गोलु), वीरेंद्र यादव ने कॉलोनी की पानी की समस्या से भी उन्हें अवगत कराया। जिस पर आयुक्त ने सिटी इंजीनियर श्री व्यास से शीघ्र कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

श्री व्यास ने कॉलोनी की साफ-सफाई एवं कॉलोनी में स्थित बगीचों की एक बार सफाई पर भी चर्चा की जिससे कॉलोनी स्वच्छ एवं सुंदर रहे।

नवभारत

नवभारत 30/7/21

# गुणावद जल प्रदाय योजना के तहत 3 हजार से अधिक घरेलू नल कनेक्शन दिए गए

## 14 ग्रामों के 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभावित होगी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम में जल निगम की प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना के तहत गुणावद से 3366 घरेलू नल कनेक्शन अब तक दिए जा चुके हैं। यहां से कुल 6043 घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना प्रस्तावित है। इस योजना से 14 ग्रामों के 28 हजार से अधिक जनसंख्या लाभांवित होगी। मलेनी नदी स्त्रोत से संचालित होने वाली इस योजना में जल प्रदाय क्षमता 2.80 एमएलडी है। इस योजना की अनुमानित लागत 25.94 करोड़ है। इस योजना की वर्तमान में 81प्रतिशत से अधिक प्रगति हो चुकी है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मापदंड से निर्धारित गुणवत्ता का नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। जून 2020 से जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जा चुका है। इसके तहत नल जल योजना एवं जल की उपलब्धता संबंधी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत जिले के 1050 ग्राम कवर होंगे। इनमें 71 ग्रामों को शत-प्रतिशत एफएचटीसी (क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन) ग्राम बनाया जा चुका है। 979 ग्रामों में यह कार्य प्रगति पर है। पीएचई की विभागीय नल-जल योजना में इनमें से 140 ग्राम में योजना प्रगतिरत है और 687 ग्राम विभागीय योजनाओं से आच्छादित हो चुके हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आलोट, जावरा, सैलाना एवं रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में कुल 186 स्वीकृत योजनाओं में से 41 पूर्ण की जा चुकी है और शेष प्रगतिरत है। एफएचटीसी 37559 प्रस्तावित है इनमें से 22151 पूर्ण की जा चुकी है। इसी प्रकार सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत आलोट के बरखेड़ाकला एवं बोरखेड़ी, जावरा के कलालिया, बाजना के कुंवरपाड़ा में योजना स्वीकृत है। बोरखेड़ी के अतिरिक्त सभी योजनाओं की भौतिक प्रगति लगभग पूर्णता की ओर है। गुणवत्ता प्रभावित ग्रामों के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में सैलाना में मातर, ब्याटोक, गुंजा, बाजना में बोरपाड़ा तथा शंभूपुरा में योजना प्रगति पर है।

स्वदेश 30/7/21

# इंजीनियर निलंबित

रतलाम, नप्र। शहर में पानी की समस्या बढ़ती जा रही थी। शिकायतें लगातार आ रही थी। कलेक्टर ने खुद शिकायतों को दूर कर पानी की समस्या को दूर करने को कहा था। लेकिन फिर भी शिकायतें आ रही थी। पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम के सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद आचार्य को जुलवानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अटैच किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने पिछले दिनों ही शहर की पेयजल समस्या निराकरण के संबंध में बैठक लेकर निर्देशित किया था। बैठक में जलप्रदाय विभाग के के जवाबदारों को काम में सुधार लाने के लिए ताकीद की गई थी लेकिन इसके बाद भी शिकायतें लगातार मिल रही थी जिस पर कलेक्टर ने निलंबन की कार्रवाई की है। 5/ch/'20

प्रभातकिरण। 29/7/21

## कलेक्टर ने सत्यप्रकाश

# अब तक सबसे ज्यादा 26.53 इंच बारिश जावरा क्षेत्र में, रतलाम में पिछले साल से 4 इंच ज्यादा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में फिर रिमझिम का दौर शुरू हो गया। गुरुवार को दिनभर कभी तेज तो कभी कम रिमझिम बारिश होती रही। इधर, अब तक पिछले साल से 4 इंच ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आगामी 24 घंटे में बारिश के आसार बने हुए है। इधर, बारिश खिलाड़ियों के लिए मुसीबत बन रही है। खेल मैदानों के ट्रैक पर पानी जमा हो रहा है।

गुरुवार को जिले में घने बादल सुबह से ही हो रहे थे। सुबह करीब 10 बजे से बारिश का दौर शुरू हो गया। यह बारिश रात तक जारी रही। हालांकि, कभी-कभी फुहार हो रही थी। शाम को तेज बारिश हुई। जिले में कुल 18.54 इंच बारिश हो चुकी है। जो सामान्य से 2.19 इंच ज्यादा है, अब तक पिछले साल से 4 इंच ज्यादा बारिश हो गई है।

**दिन और रात के तापमान में 2.8 डिग्री का अंतर :** लगातार बारिश से मौसम में ठंडक है। गुरुवार को दिन और रात के तापमान में 2.8 डिग्री का अंतर रहा। अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह आर्द्रता 95 व शाम को 92 प्रतिशत रही।

## अमृतसागर क्षेत्र में हो रहे गड्ढों में डलवाया मुरम



**रतलाम** | न्यू बाजना बस स्टैंड से अमृतसागर रोड पर गड्ढे हो रहे थे। नागरिकों ने इसकी जानकारी भाजपा दीनदयाल मंडल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी दी। भाटी ने विधायक चेतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में अमृतसागर रोड पर मलबा डलवाकर पैचवर्क करवाया। अमृतसागर कॉलोनी के क्षेत्रीय रहवासियों प्रदीप सिंह सोलंकी, गोपाल प्रजापत, पिन्टू खंदवार, अरुण लोहार, जितेंद्र रांका, शांतिलाल आदि ने विधायक चेतन्य काश्यप एवं मंडल उपाध्यक्ष भाटी का आभार माना।

दै. भास्कर 30/7/21

नईदुनिया

# तेज फुहारों से भीगता रहा शहर व अंचल

## मौसम ● रुक-रुककर बारिश से वातावरण खुशनुमा, गत वर्ष से 100 मिमी ज्यादा बारिश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मानसून की मेहरबानी ने जिलेवासियों को बाग-बाग कर दिया है। बीते एक सप्ताह से रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश का सिलसिला चल रहा है। गुरुवार को दिनभर रिमझिम-तेज फुहारों से शहर और अंचल भीगता रहा। खुशनुमा मौसम में लोगों ने घरों के साथ दुकानों पर व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौसमी व्यंजनों की दुकानों पर शौकीनों की भीड़ लगी रही। जिले में अब तक करीब 19 इंच पानी बरस चुका है। यह गत वर्ष के मुकाबले 100 मिमी (करीब चार इंच) ज्यादा है।

शहर सहित अंचल में गुरुवार सुबह से मौसम खुशनुमा बना रहा। दिनभर रुक-रुककर सावन की रिमझिम-तेज फुहारें सड़कें गीली करती रहीं। तेज बारिश के दौरान सड़कों पर आवाजाही भी कम रही। अचानक बारिश से बचाव के लिए राहगीर इधर-उधर सुरक्षित स्थान तलाशते नजर आए। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 1.1 मिमी पानी बरसा। ताल, पिपलौदा, बाजना तहसील में एक-एक मिमी, रतलाम में दो मिमी, सैलाना में चार मिमी बारिश हुई। आलोट, जावरा और रावटी तहसील सूखी रही। रुक-रुककर हो रही रिमझिम-तेज बारिश से खरीफ फसलों की स्थिति बेहतर बनी हुई है। किसानों के अनुसार मौसम अनुकूल रहने पर अच्छा उत्पादन मिलेगा। वर्तमान में फसलों की तेजी से बढ़वार हो रही है।

**दिन के तापमान में गिरावट, रात में मामूली बढ़ोतरी :** अधिकतम तापमान 26.2 व न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, वहीं अधिकतम तापमान में भी 3.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। सुबह की आर्द्रता 95 व शाम की 92 प्रतिशत रही, जो बुधवार को क्रमशः 90 व 98 प्रतिशत थी।



रतलाम में गुरुवार को दिनभर रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश होती रही। चित्र सैलाना बस स्टैंड का। ● नईदुनिया

### अमृत सागर मार्ग को शीघ्र दुरुस्त किया जाए

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से मुलाकात कर अमृत सागर के आसपास की रोड को शीघ्र चलने लायक करने का अनुरोध किया है। कटारिया ने बताया कि वर्तमान में श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री गढ़ कैलाश महादेव मंदिर जाते हैं। इसी मार्ग पर अन्य धार्मिक स्थल भी बने हुए हैं। वर्तमान में सड़क पूरी तरह गायब होकर बड़े गड्ढे के रूप में तब्दील हो गई है। गड्ढे में पानी भरा रहता है। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। शीघ्र सड़क की सुध नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

### बाजार में पसरा सन्नाटा

नामली। रुक-रुककर हो रही बूंदाबांदी से बाजार में सन्नाटा पसर रहा है। बीते एक सप्ताह से कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश हो रही है। इससे खेतों में खरीफ फसलें लहलहा उठी है। किसानों का कहना है कि अब फसलों को धूप की जरूरत होने लगी है। गुरुवार को दिनभर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। प्रतिदिन बाजार में दिखने वाली भीड़ नदारद रही। शाम को बाजार में दुकानें जल्दी बंद हो गई।

### तहसीलों में बारिश की स्थिति

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश मिमी |
|---|---|---|
| आलोट | 413.0 | 401.0 |
| जावरा | 674.0 | 395.0 |
| ताल | 384.0 | 426.2 |
| पिपलौदा | 407.0 | 244.0 |
| बाजना | 322.0 | 379.0 |
| रतलाम | 400.0 | 338.0 |
| रावटी | 434.6 | 364.2 |
| सैलाना | 535.0 | 401.0 |
| औसत | 471.0 | 371.1 |

नईदुनिया 30/7/21

# अमृत सागर की सड़क सुधारी जाए- कांग्रेस

रतलाम, नप्र। अमृतसागर सहित आसपास की रोड इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल राहगीरों को भी काफी परेशानी हो रही है। सड़क की खराब हालात को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मिले। कटारिया ने आयुक्त से अमृतसागर के आसपास की सड़क को जल्द ही चलने लायक बनाने का अनुरोध किया है। कटारिया ने बताया कि वर्तमान में श्रावण मास में श्रद्धालु बहुत अधिक संख्या में रतलाम के पौराणिक गढ़ कैलाश मंदिर पर जाते हैं। साथ ही इसी मार्ग पर अन्य धार्मिक स्थल भी बने हुए हैं। यहाँ श्रद्धालुओं को जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सावन मास को देखते हुए निगम को प्राथमिकता के साथ इस ओर ध्यान देकर अमृतसागर से गढ़कैलाश की ओर जाने वाली सड़क को अतिशीघ्र सुधारा जाना चाहिए ताकि आने-जाने वाले लोगों को कोई परेशानी ना हो। कटारिया ने निगम आयुक्त को आगाह किया कि निगम प्रशासन यदि सुनवाई नहीं करता है तो शहर कांग्रेस कमेटी आंदोलन करेगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की पूर्व पार्षद वंदना अनिल पुरोहित भी अलकापुरी सहित आसपास की कॉलोनियों की खराब सड़क को लेकर कलेक्टर एवं निगमायुक्त को पत्र लिख चुकी है। वंदना पुरोहित ने बताया कि कॉलोनियों में खराब की सड़क इतनी खराब है कि वाहन चालकों और

## जिले में 7 अगस्त को फिर से मनेगा अन्नोत्सव

# केरल से आने वाले होंगे क्वॉरंटीन

रतलाम. जिले में कोरोना की दूसरी लहर का प्रभाव खत्म होने के बाद अब फिर से अन्नोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा कोरोना संक्रमण नियंत्रण के दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि यदि कहीं भी मरीज सामने आता है तो उसकी कांटेक्ट ट्रेसिंग तथा कंटेनमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाए। इतना ही नहीं केरल से आने वाले व्यक्तियों की सघन मानिटरिंग की जाए।

कलेक्टर ने एसडीएम शहर को निर्देशित किया कि केरल के विभिन्न स्थानों से यदि कोई भी यात्री रतलाम के लिए ट्रेन से आता है तो उसकी जानकारी रेलवे से लेकर उसे क्वॉरंटाइन किया जाए। जिला कंट्रोल एंड कमांड सेंटर उस व्यक्ति को ट्रेस करते हुए मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने बताया कि अगस्त माह में जिले को अधिक संख्या में वैक्सीन प्राप्त होंगे। आलोट, सैलाना, रतलाम ग्रामीण को 20-20 हजार तथा जावरा को 30 हजार वैक्सीन मिलने वाले हैं। एसडीएम को प्लान के निर्देश दिए।

## 7 अगस्त को मनेगा अन्न महोत्सव

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अन्नोत्सव आयोजन तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि अन्नोत्सव का आयोजन शासन के दिशा-निर्देश अनुसार किया जाना है। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर टैंट व्यवस्था लोगों की बैठक के लिए की जाना है। कोविड प्रोटोकॉल पालन सुनिश्चित करना है। जिले में 521 उचित मूल्य दुकान हैं, इनमें से 52 विक्रेता ऐसे हैं जो एक से अधिक दुकानों पर कार्य देखते हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उक्त दुकानों के लिए पृथक से सहायक की व्यवस्था की जाए। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि उन्होंने अधिकारियों के साथ-साथ अन्य अधिकारियों की भी बैठक आयोजित कर लें।

पत्रिका 30/7/21

# जल जीवन मिशन से तीतरी के हर एक घर में पहुंचेगा जल

रतलाम • राज न्यूज नेटवर्क

शासन का जल जीवन मिशन रतलाम जिले के ग्रामीणजनों के जीवन में खुशहाली लाते हुए उनकी पेयजल समस्या का निदान कर रहा है। मिशन द्वारा प्रत्येक घर में नल द्वारा जल पहुंचाए जाने का लक्ष्य है। रतलाम मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम तीतरी भी जल जीवन मिशन का लाभ उठा रहा है। तीतरी के ग्रामीणों की जनसमस्या का भी निदान हुआ है जल जीवन मिशन के माध्यम से। तीतरी के लगभग 300 से %यादा घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा जा कर पानी पहुंचाया गया है।

जिला सलाहकार पीएचई आनंद व्यास ने बताया कि ग्राम तीतरी में 40 लाख रुपए की लागत से नल जल योजना का क्रियान्वयन जल जीवन मिशन के तहत किया गया है। इस गांव में पूर्व से योजना संचालित थी परंतु पूरे गांव की जलापूर्ति नहीं संभव हो पा रही थी। करीब 100 घरों में ही नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंच रहा था। 20 साल



पहले बनी योजना के बाद निरंतर गांव का विकास हुआ, घरों की संख्या बढ़ी, नए मोहल्लों के निर्माण हुए। इसके चलते गांव में पानी की समस्या निर्मित होने लगी। लोगों को हैंडपंपों तथा दूर अपने खेतों से भी ड्रम और अन्य माध्यम से पानी भर के लाना पड़ता था। कई ग्रामीण तो दो-तीन किलोमीटर दूर पाइप लाइन डालकर अपने खेत से पानी घर पर पानी ला रहे थे।

## दिया योजना का प्रस्ताव

गांव की जल समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत के प्रधान श्री समरथ पटेल द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से रिट्रोफिटिंग योजना का प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया गया। योजना, विभाग द्वारा मंजूर की जाकर पूरे गांव में नई पाइप लाइन डाली गई। 300 से भी %यादा घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा गया। अब ग्रामीण खुश हैं, शासन को धन्यवाद दे रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। गांव में नल जल योजना का संचालन, संधारण गांव की पेयजल तथा स्व%छता तदर्थ समिति द्वारा ही किया जा रहा है। इस गांव में भूजल संरक्षण के लिए चेक डेम, तालाब का निर्माण भी ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है।

राज एक्सप्रेस 30/7/21

# आजीविका मिशन के तहत हुआ समूहों का गठन

रतलाम ● राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में 2998 समूहों का गठन किया जा चुका है। 451 समूह का बैंक संयोजन भी किया जा चुका है। जिले में अगस्त 2018 से प्रारंभ आजीविका मिशन के तहत रतलाम जिले के आलोट में 472, बाजना में 535, जावरा में 419, पिपलोदा में 514, रतलाम में 576 तथा सैलाना में 482 समूह गठित किए जा चुके हैं।

# अन्न उत्सव के लिए कंट्रोल रूम बना

रतलाम ● जिले में 7 अगस्त को अन्न उत्सव आयोजन होगा। इसके लिए जिला खाद्य कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07412-270414 है। कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश कुमार पांडेय रहेंगे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में की कोताही, ऑनलाइन शॉप पर हुई कार्रवाई

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविर स्थल पर एमपी ऑनलाइन सेंटर संचालक की ड्यूटी निर्धारित दिनांक के लिए लगाई गई थी। निर्धारित दिनांक पर पीडीएस शॉप पर नहीं पहुंचने पर एक ऑनलाइन कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसकी दुकान 24 घंटे के लिए सील की गई है । एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए उचित मूल्य की दुकानों पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुष्मान शिविर में ऑनलाइन शॉप सेंटर संचालकों की ड्यूटी लगाई गई। निर्धारित दिनांक पर संचालक के नहीं पहुंचने संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर उनके द्वारा गौशाला रोड स्थित एमपी ऑनलाइन सेंटर के संचालक मनोज पिता छोटेलाल चौधरी की दुकान का निरीक्षण किया। यहां पता लगा कि उन्हें जिस शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचना था, वे वहां नहीं पहुंचे तथा अपने सेंटर पर कार्य करते रहे।

श्री गहलोत ने शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्य में लापरवाही बरतने पर उक्त ऑनलाइन शॉप को 24 घंटे के लिए बंद करने के निर्देश दिए तथा संचालक को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि रतलाम शहर में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इन शिविरों का शासकीय अधिकारियों द्वारा अवलोकन भी किया जा रहा है।

नवभारत

नवभारत 30/7/21

# ऑनलाइन शॉप पर हुई कार्रवाई

रतलाम ● शासकीय उचित मूल्य

85 लाख रुपए की लागत का 500 ली/प्रति मिनट क्षमता वाला प्लांट लग रहा

# कोरोना की तीसरी लहरः प्राणवायु की नहीं होगी कमी, होने लगी तैयारी

एक्सक्लूसिव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कोरोना की तीसरी लहर को लेकर लगातार चेतावनी जारी है। एम्स से लेकर अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा ऐजेंसिया इसके लिए चेता रही है। पहली व दुसरी लहर के दौरान प्राणवायु की कमी के बड़े मामले सामने आए। इससे सबक लेकर अब जिले मैं रेलवे अस्पताल में 500 लीटर की क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट बनाने की तैयारी तेजी से चल रही है। इसकी लागत 85 लाख रुपए होगी।

बता दे की मार्च 2020 में कोरोना को लेकर सतर्क होने की चेतावनी दी गई। के बाद कोरोना का सबसे पहला मरीज शहर में अप्रेल 2020 में मिला। इसके बाद लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि होती गई। बीच में अनलॉक हुआ तो इसके बाद फिर से शहर खुला व सतर्कता के अभाव में कोरोना की दूसरी लहर आई। दूसरी लहर काफी घातक साबित हुई। इसमे सबसे बड़ा संकट सामने आया वो अस्पताल में बेड की कमी के साथ साथ कुछ था तो ऑक्सीजन याने की प्राणवायु की कमी का। इसके बाद ही ऑक्सीजन प्लांट के महत्व को समझा गया।

## यह हो रही तैयारी

कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए अब रेलवे अस्पताल में तेजी से तैयारी चल रही है। यहां पर 85 लाख रुपए की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी चल रही है। इसके पहले 12 जून को इसी अस्पताल में 150 लीटर प्रति मिनट वाला प्लांट चैतन्य काश्यप फाउंडेशन ने लगवाया है। 150 लीटर वाले प्लांट को 20 बेड के साथ कनेक्ट किया गया है। अब जो 500 लीटर क्षमता का प्लांट लगाया जा रहा है उसको 105 बेड के साथ कनेक्ट किया जाएगा। इससे लाभ यह होगा की इस अस्पताल का हर बेड ऑक्सीजन से कनेक्ट हो जाएगा।

## जारी है अलग से तैयारी

जिले की बात करें तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्राथमिक स्तर पर काम करने वाले स्वास्थ्य केंद्र में भी दवाएं, जांच हो सके इसकी तैयारी की है। अब तक गांव के मरीज शहर में जांच के लिए आते थे, कोरोना की तीसरी लहर में उनको जांच की सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही मिल जाया करेगी।

### जिले में यहां है प्लांट

| | | |
|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेज में 965 एलपीएम का | जिला चिकित्सालय में 500 एलपीएम | सिविल हॉस्पिटल जावरा में 360 एलपीएम |

## हम अलर्ट है

कोरोना की पहली व दूसरी लहर के दौरान रेलवे अस्पताल में मरीजों की बेहतर सेवा की गई। तीसरी लहर की चेतावनी के बीच हम सतर्क है। इसलिए 500 लीटर क्षमता का प्लांट तैयार कर रहे है।

- **विनीत गुप्ता**, मंडल रैल प्रबंधक

पत्रिका 30/7/21

# सिटी फोरलेन निर्माण में 'देर आयद-दुरुस्त आयद' की उक्ति चरितार्थ

रतलाम। शहर के मध्य सैलाना बस स्टैंड से सेन्ट जोसेफ कान्वेंट स्कूल तिराहे तक बनाए जा रहे सिटी फोरलेन निर्माण में नगर निगम ने मंगलवार को दिलेरी दिखाई। निगम अमले ने सेन्ट जोसेफ कान्वेंट तिराहे को चौड़ा करने के लिए दूसरी तरफ के अतिक्रमण और अवैध निर्माण तोड़ डाले। इसके बाद कान्वेंट तिराहे की चौड़ाई का मसला सुलझ गया।

ज्ञातव्य है कि नगर निगम के अमले ने पिछले सप्ताह तिराहे पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के आवासीय परिसर की चार मीटर जमीन अधिग्रहित की थी। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने आपत्ति उठाते हुए न्यायालय की शरण लेने की चेतावनी दी थी। दरअसल नगर निगम ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के प्रबंधन से उसकी चार मीटर जमीन मांगी थी, लेकिन बैंक से कोई जवाब नहीं मिला, तो एक तरफा अधिग्रहण की कार्रवाई कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार सिंह ने इस पर आपत्ति करते हुए निगम आयुक्त, कलेक्टर व प्रशासक को पत्र लिखकर बताया था कि लोकेंद्र भवन मार्ग मास्टर प्लान में 18 मीटर चौड़ा रोड प्रस्तावित है। कान्वेंट तिराहे पर बैंक की चार मीटर जमीन लेने के बाद भी करीब चार मीटर की चौड़ाई कम रहेगी। 18 मीटर की चौड़ाई के लिए सड़क के दोनों ओर चार-चार मीटर की जमीन अधिग्रहित की जानी चाहिए।

बैंक की इस आपत्ति के बाद मंगलवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मास्टर प्लान अनुसार सड़क की चौड़ाई व निर्माण के लिए निरीक्षण किया। कलेक्टर व प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार क्षेत्र के रहवासियों व दुकानदारों ने सिटी फोरलेन निर्माण के लिए भूमि देने की पहल की। इस पर निगम अमले ने जेसीबी से अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाकर सिटी फोरलेन का कार्य तेज कर दिया है। अब 18 मीटर चौड़ा मार्ग बनने से असुविधा नहीं होगी।

उपग्रह 29/7/21

# तितरी के 300 से ज्यादा घरों में जल जीवन से पहुंच रहा पानी

रतलाम @ पत्रिका. जिला मुख्यालय से करीब दस किमी दूर बसे तितरी गांव में भी अब हर घर में नल कनेक्शन हो रहा है। इसके चलते अब तक 300 से अधिक घरों में सीधे नल के माध्यम से पेयजल पहुंचने लगा है। इसका लाभ यह हुआ कि ग्रामीणों को दूर दराज से पानी लाने की समस्या अब खत्म हो गई है।

जल जीवन मिशन द्वारा प्रत्येक घर में नल द्वारा जल पहुंचाए जाने का लक्ष्य है। इसी के चलते ग्राम तीतरी भी जल जीवन मिशन का लाभ उठा रहा है। जिला सलाहकार पीएचई आनंद व्यास ने बताया कि ग्राम तितरी में 40 लाख रुपए की लागत से नल जल योजना का क्रियान्वयन जल जीवन मिशन के तहत किया गया है। इस गांव में पूर्व से योजना संचालित थी लेकिन पूरे गांव की जलापूर्ति नहीं संभव हो पा रही थी। करीब 100 घरों में ही नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंच रहा था। 20 साल पहले बनी योजना के बाद निरंतर गांव का विकास हुआ, घरों की संख्या बढ़ी, नए मोहल्लों के निर्माण हुए। इसके चलते गांव में पानी की समस्या निर्मित होने लगी।


## भूजल संरक्षण के चल रहे जतन

गांव की जल समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत के प्रधान समरथ पटेल द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से रिट्रोफिटिंग योजना का प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया था। योजना, विभाग द्वारा मंजूर की जाकर पूरे गांव में नई पाइप लाइन डाली गई। 300 से भी ज्यादा घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा गया, जिसका लाभ अब यहां के ग्रामीणों को मिलने लगा है। गांव में नल जल योजना का संचालन, संधारण गांव की पेयजल तथा स्वच्छता तदर्थ समिति द्वारा ही किया जा रहा है। इस गांव में भूजल संरक्षण के लिए चेक डेम, तालाब का निर्माण भी ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया है।

पत्रिका 30/7/21

## जवाहर नगर से गांधीनगर बनना है सीसी रोड

# दो बार भूमिपूजन के बाद अब सड़क बनाने किया निरीक्षण



रतलाम @ पत्रिका. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शहर के इंदिरा नगर से लेकर गांधीनगर तक क्षेत्र में करीब 3200 मीटर की सीसी रोड बनना है। इस सड़क का दो बार निर्माण के लिए भूमि पूजन हो चुका है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं हुई है।

वर्ष 2017-2018 में विधानसभा चुनाव के पूर्व स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत शहर में कई प्रोजेक्ट मंजूर किए गए। इन प्रोजेक्ट में ही 3200 मीटर की सीसी रोड जवाहर नगर से लेकर इंदिरा नगर होते हुए गांधीनगर तक सड़क को बनना है। दो बार भूमि पूजन हो चुका है। बस सीसी रोड का निर्माण शुरू नहीं हो हुआ। गुरुवार शाम निगम के लोकनिर्माण विभाग के उपयंत्री मनीष तिवारी व वार्ड दारोगा महेंद्रसिंह सौलंकी ने क्षेत्र में सीसी रोड बनाने के पूर्व निरीक्षण किया। जल्दी ही निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी जाएगी। सीसी रोड के बनने से जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, गार्ड कॉलोनी, गांधीनगर, विनोबा नगर सहित करीब 20 से अधिक कॉलोनी के रहवासियों को लाभ होगा।

पत्रिका 30/7/21